भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं0 1893
09 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए

अमृत योजना के अंतर्गत शहरों को शामिल करना

1893. **श्री बी.वाई.राघवेन्द्र**:
क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कर्नाटक राज्य में अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) के अंतर्गत किन-किन शहरों को शामिल किया गया है;

(ख) वर्तमान कोविड अवधि के कारण परियोजना किस हद तक प्रभावित हुई है;

(ग) लंबित कार्यों का मूल्यांकन करने के लिए क्या मानदंड हैं; और

(घ) नामनिर्दिष्ट कार्यों की तुलना में की गई आबंटित निधि और इसके आकलन का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री कौशल किशोर)

(क): कर्नाटक राज्य के 27 शहरों को अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) के अंतर्गत कवर किया गया है। इन शहरों की सूची अनुलग्नक में दी गई है।

(ख): कोविड-19 महामारी को फैलने से रोकने के लिए राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों में समय-समय पर लगाए गए लॉकडाउन के कारण अमृत योजना के अंतर्गत परियोजनाओं का कार्यान्वयन धीमा हो गया। हालांकि, प्रतिबंध हटने के बाद कार्यान्वयन की गति ने तेजी पकड़ ली है।

(ग) और (घ): लंबित कार्यों का मूल्यांकन प्रत्येक परियोजना के संबंध में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा हासिल प्रगति के आधार पर किया जाता है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में अमृत परियोजनाओं के कार्यान्वयन पर नज़र रखने हेतु एक समर्पित अमृत एमआईएस पोर्टल है। प्रत्येक परियोजना के अंतर्गत हासिल की गई प्रगति के आंकड़ों को प्रत्येक राज्य / संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा संबंधित परियोजना की उपलब्धि पर पोर्टल में डाला जाता है। परियोजना के कार्यान्वयन का मूल्यांकन प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा नियुक्त की गई स्वतंत्र समीक्षा और निगरानी एजेंसियों (आईआरएमए) द्वारा भी किया जाता है।

कर्नाटक राज्य की अमृत परियोजना का अनुमोदित योजना आकार ₹4,952.87 करोड़ है, जिसमें ₹2,318.79 करोड़ की प्रतिबद्ध केंद्रीय सहायता शामिल है। अमृत परियोजनाओं के लिए अभी तक कर्नाटक सरकार को ₹2,258.85 करोड़ की केंद्रीय सहायता जारी की जा चुकी है। ₹4,952.87 करोड़ के अनुमोदित योजना आकार के लिए ₹5,119.95 करोड़ की 401 परियोजनाओं की शुरूआत हो चुकी है। इनमें से, ₹4,436.52 करोड़ के कार्य को वास्तविक रूप से पूरा किया जा चुका है, जिसमें ₹2,593.38 करोड़ की 339 पूरी हो चुकी परियोजनाएं शामिल हैं।

कर्नाटक राज्य ने अनुमोदित योजना आकार की अधिकता में परियोजनाओं को अपने हाथ में लिया है, और इसलिए संपूर्ण अतिरिक्त व्यय का वहन राज्य द्वारा स्वयं किया जाएगा।

"अमृत योजना के अंतर्गत शहरों को शामिल करना" के संबंध में दिनांक 09 दिसंबर, 2021 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1893 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) योजना के अंतर्गत शामिल कर्नाटक राज्य के 27 शहरों की सूची

1. बागलकोट	15. हसन
2. बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी)	16. होस्पेट
3. बेलगाम	17. हुबली-धारवाड़
4. बेल्लारी	18. कोलार
5. भद्रावती	19. मांड्या
6. बीदर	20. मैंगलोर
7. बीजापुर	21. मैसूर
8. चिकमंगलूर	22. रायचूर
9. चित्रदुर्ग	23. रानीबेन्नूर
10. दावणगेरे	24. रॉबर्टसन पेट
11. गडग-बेटिगेरी	25. शिमोगा
12. बादामी	26. तुमकुर
13. गंगावती	27. उडुपी
14. गुलबर्गा	